# शिक्षाशास्त्र (केवल प्रश्नपत्र)
## कक्षा–12

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

नोटः प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

निर्देशः — (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या–1 वस्तुनिष्ठ प्रकार का है। प्रश्न संख्या–2 से 6 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 7 से 12 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। जिनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 25 शब्दों में, प्रश्नसंख्या 13 से 18 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं; जिनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या–19 से 21 तक विस्तृत उत्तरीय हैं, जिनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

1– प्रत्येक प्रश्न खण्ड में उत्तर के चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से केवल एक उत्तर सही है। सही उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिये–

(क) वैदिक काल में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था– 1

(i) तक्षशिला (ii) प्रयाग

(iii) काशी (iv) मिथिला

(ख) S.S.A. कब प्रारम्भ हुआ– 1

(i) 2000 में (ii) 2004 में

(iii) 2001 में (iv ) 2005 में

(ग) नवोद्य विद्यालय खोलने की घोषणा किस शिक्षा नीति में की गयी थी – 1

(i) 1968 (ii) 1979

(iii) 1986 (iv) 1990

(घ) सूझ द्वारा सीखने के सिद्धान्त के जनक हैं – 1

(i) मैक्डूगल (ii) कोहलर

(iii) पैवलव (iv) थार्नडाइक

(ङ) मानसिक अस्वस्थता का कारण नहीं है – 1

(i) चिन्ता (ii) निद्रा

(iii) तनाव (iv) भग्नाशा

## निश्चित उत्तरीय प्रश्न

2– राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा परिषद की स्थापना कब हुई? 1

3– चरित्र निर्माण में शिक्षा की क्या भूमिका है? 1

4– सीखना मूलरूप से क्या है? 1

5– प्रेरणा से आप क्या समझते हैं? 1

6– बुद्धिलब्धि का सूत्र लिखिये। 1

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

7– मध्यकालीन समाज में शिक्षक की क्या स्थिति थी, पर टिप्पणी लिखिये? 4

8– भारत में जनसंख्या वृद्धि के दो कारण लिखिये? 2+2

9– बाद क्या है? इस पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये? 4

10 - स्याही -धब्बा परीक्षण क्या है, इसका संक्षेप में वर्णन करें? 4

11– निर्देशन का आधार क्या है? इसे संक्षेप में समझाइये? 4

12 - मानसिक स्वास्थ्य के दो पक्ष कौन कौन से हैं? लिखिये। 2+2

## लघु उत्तरीय प्रश्न

13– पर्यावरण शिक्षा के क्या लक्ष्य हैं, इसकी संक्षेप में विवेचना कीजिये। 6

14– व्यक्तित्व के मापन की प्रक्षेपण विधि की विवेचना कीजिए। 6

15– नारी सशक्तीकरण के लिए शिक्षा आवश्यक है, इसकी व्याख्या कीजिए। 6

16– शिक्षा के क्षेत्र में गांधी जी के योगदान का वर्णन कीजिए। 6

17– उपलब्धि परीक्षण के क्या उद्देश्य हैं? इसको लिखिए। 6

18– शिक्षा में दण्ड से होने वाली हानियों की विवेचना कीजिए? 6

## विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

19– मदनमोहन मालवीय जी के शैक्षिक विचारों का वर्णन कीजिए। 10

अथवा

व्यावसायिक निर्देशन क्या है एवं विद्यालयों में इसका आयोजन क्यों आवश्यक है, इसका संक्षेप में वर्णन करें? 5+5

20– भारतवर्ष में पर्यावरण शिक्षा की क्या समस्यायें हैं? इसका वर्णन करें। 10

अथवा

सीखने में रूचि के महत्व की विवेचना कीजिये। 10

21– ऐनीबेसेन्ट के शैक्षिक विचारों का वर्णन कीजिये। 10

अथवा

शिक्षा के क्षेत्र में पुरस्कार से क्या लाभ हैं? लिखिये। 10

*****